an>

Title: Need to provide deep boring handpumps and deep boring tubewells in Nalanda Parliamentary Constituency of Bihar.

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा) : माननीय सभापति जी, मैं बिहार के नालंदा जिले से आता हूं। मैं अपने संसदीय क्षेत्र के बहुत महत्वपूर्ण मामले को उठाना चाहता हूं। नालंदा जिले ने धान की पैदावार में पूरे विश्व का रिकार्ड बनाया है। वहां के किसानों की हालत जर्जर है।...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: The other hon. Member is speaking. Please take your seat. Nothing will go on record.

*(Interruptions) â€¦ **

श्री कौशलेन्द्र कुमार : आज मौसम चक्र में आए भारी बदलाव के कारण समय पर बरसात नहीं हो पाई इसके कारण किसान धान की रोपाई एवं फसलों की बुआई नहीं कर पा रहे हैं। कम बरसात होने के कारण नालंदा के सभी गांवों की स्थिति दिन प्रति दिन गंभीर होती जा रही है। इसके साथ ही पानी का लैवल नीचे होता जा रहा है। खास तौर से नालंदा जिले में 2012 में नीतिश कुमार, कृष्ण कुमार, सुमंत कुमार ने वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ा और 224 क्विंटल प्रति हेक्टेयर धान की पैदावार की और इस तरह नालंदा का रिकार्ड बना। मैं आपका ध्यान किसानों की विकराल स्थिति की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं। मेरी मांग है कि प्रत्येक गांव में डीप बोरिंग की व्यवस्था कराई जाए और पीने के पानी के लिए डीप बोरिंग देकर चापाकर लगवाया जाए।

माननीय सभापति : श्रीमती ज्योति धुर्वे को कौशलेन्द्र कुमार द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध किया जाए।